कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

रेवड.सिंह पुत्र सवाई सिंह राजावत, ग्राम–खोरा कलॉ, पो. कालोता, जिला–दौसा
बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (उपतहसीलदार) सैंथल, तहसील दौसा जिला–दौसा

अपील सं0 21/2019

<u>निर्णय</u> दिनांक 24.06.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (उपतहसीलदार) सैंथल, तहसील व जिला–दौसा को दिनांक 26.03.2019 को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी (उप तहसीलदार) सैंथल,जिला–दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी (उप तहसीलदार) सैंथल, जिला–दौसा के पत्र क्रमांक आर0टी0आई/2019/एसपी–4 दिनांक 31.5.2019 द्वारा इस कार्यालय को अवगत कराया गया है कि कार्यालय उप तहसीलदार सैंथल पत्रांक आर0टी0आई/2019/एसपी–1 दिनांक 10.05.2019 द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध करवादी गई है। पत्रावली में उक्त पत्रादि संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि लोक सूचना अधिकारी (उप तहसीलदार) सैंथल,जिला–दौसा द्वारा अपीलांट को वॉछित सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official